हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 10 मई, 2025

12 ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी...



12 क्रेसण्ट स्कूल में मदर्स डे पर कार्यक्रम, बच्चों ने कविताओं के...



## ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर

# एमरजेंसी विभाग में हर शिफ्ट में तैनात होंगे 2 डॉक्टर, 45 एम्बुलैंस रहेंगी तैयार

### एम्बुलैंस के लिए रोड साफ रहे, इसके लिए एसपी ने टैक्सी स्टैंड से गाड़ियां हटाने को कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ रहे तनाव के चलते जिले में स्वास्थ्य विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। नागरिक अस्पताल में दो रेडक्रॉस के प्लस के निशान पहले से बने थे। अब दो और बनाए गए हैं। जल्द ही ब्लड बैंक, नशामुक्ति केंद्र और अन्य बिल्डिंगों पर भी यह निशान बनाए जाएंगे। अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट की जांच और दवाइयों का पूरा स्टॉक रखने के निर्देश भी दिए गए। शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉ. कुल प्रतिभा ने भी नागरिक अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। आपात स्थिति में खून न कमी न हो, इसको लेकर नागरिक अस्पताल के कर्मचारियों के ब्लड ग्रुप की रिपोर्ट मांगी गई है ताकि जरूरत के समय वह स्वयं रक्तदान कर सकें वहीं एमरजेंसी वार्ड के हर शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाई गई है। ब्लैक आउट की स्थिति में अंदर की रोशनी बाहर न दिखे। दवाइयों का अतिरिक्त स्टॉक रखा गया है। जिला अस्पताल में अब हर शिफ्ट में एक की जगह दो डॉक्टर ड्यूटी पर रहेंगे। विभाग की 25 एंबुलेंस मिलाकर कुल 45 एंबुलेंस तैयार हैं। सभी को अस्पताल प्रशासन के सोशल मीडिया ग्रुप से जोड़ा गया है।



फतेहाबाद। नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करते हुए सिविल सर्जन।

#### स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयारः सीएमओ

आपात स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। कर्मचारियों से उनकी ब्लड रिपोर्ट मांगी है, जिससे खून की जरूर पड़े तो कर्मियों का सहारा ले सके। जरूरत पड़ी तो विभाग द्वारा निजी चिकित्सकों की भी सेवाएं ली जाएंगी। -डॉ. कुल प्रतिभा, सिविल सर्जन फतेहाबाद

#### एम्बुलैंस में बाधाओं को दूर किया जाएगाः एसपी

जिला प्रशासन द्वारा की गई मॉकड्रिल में घायलों को लेकर जा रही एम्बुलैंस को रास्ते में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ा था। पुराना बस स्टैंड से अस्पताल तक के रास्ते में टैक्सी स्टैंड की गाड़ियां सड़क पर खड़ी रहती हैं। इससे एंबुलेंस को जाम में फंसना पड़ता है। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस को आदेश दिए हैं कि नागरिक अस्पताल को जाने वाले सभी रास्तों को खाली करवाया जाए। सडक़ों पर खड़ी गाड़ियों को हटवाया जाएगा। -सिद्धांत जैन, एसपी फतेहाबाद

#### मेडिकल इमरजेंसी रिस्पांस टीम का गठन

**फतेहाबाद।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर आपातकालीन तैयारियों को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन यानि आईएमए फतेहाबाद की बैठक डॉ. रवि दाबड़ा अस्पताल में हुई। बैठक में चर्चा के बाद आपातकाल स्थितियों में स्वास्थ्य सेवाएं देने को लेकर फतेहाबाद आईएमए ने एडवाइजरी जारी की और कहा कि ऐसी स्थित में लोगों की मदद के लिए प्राइवेट चिकित्सक सदैव तैयार रहेंगे। आईएमए के मीडिया इंचार्ज डॉ. पवन मेहता ने बताया कि आईएम फतेहाबाद इस जरूरत की घड़ी में चिकित्सा सहायता और मानवीय सहायता प्रदान करके राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में युद्ध की स्थिति में चिकित्सा दलों और आपातकालीन इकाईयों की तैयारी, स्थानीय अस्पतालों और जिला प्रशासन के साथ समन्वय, आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति और प्राथमिक चिकित्सा किट की व्यवस्था, रक्तदान एवं ट्रामा केयर सैंटर की स्थिति व स्वयंसेवकों और पैरामेडिकल स्टाल के लिए प्रशिक्षण सत्र आदि विषयों पर चर्चा की गई।

#### अस्पतालों में आपात स्थिति की तैयारी

फतेहाबाद सिविल अस्पताल में सात स्थानों पर प्लस लोगो चिह्नित कर इमरजेंसी इंतजाम किए गए हैं। यहां पहले से मौजूद 100 बेड पर्याप्त माने गए हैं। जिले के 60 निजी डॉक्टरों और 450+ बेड वाले निजी अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है।

*बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक चिंतित*

# चंडीगढ़ में रह रहे फतेहाबाद के सैकड़ों विद्यार्थी दहशत के साये में

## पीयू के कॉलेजों में परीक्षाएं 12 तक स्थगित, कटरा जाने वाली बस सेवा बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले 3 दिनों से बनी युद्ध जैसी स्थिति के चलते फतेहाबाद में अहतियात बरती जा रही है। यहां से माता वैष्णी देवी के लिए कटरा जाने वाली बस सेवा को रद्द कर दिया गया है वहीं चंडीगढ़ में एयर अटैक व एमएलए होस्टल में बम की सूचना मिलने पर वहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं काफी दहशत में है। बता दें कि फतेहाबाद से 200 से ज्यादा छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा के लिए चण्डीगढ़ व उसके आसपास के इलाकों में रह रहे हैं। स्थिति तनावपूर्ण होते देख पंजाब यूनिवर्सिटी ने अपने अधीन पडऩे वाले कॉलेजों में यूजी की फाइनल इयर की परीक्षाएं 12 मई तक स्थगित कर दी हैं। हरियाणा रोडवेज फतेहाबाद डिपो के अंतर्गत आने वाले टोहाना सब डिपो से पिछले दिनों से माता वैष्णो देवी कटरा जाने के लिए बस सर्विस शुरू हुई थी। अब जम्मू कश्मीर व पाकिस्तान बार्डर पर तनाव को देखते हुए इस बस सेवा को फिलहाल बंद कर दिया गया है। रोडवेज के स्टेशन इंचार्ज सुभाष ढांड ने इसकी पुष्टि की है। सिरसा से वाया मानसा कटरा जाने वाली बस को भी रद्द कर दिया गया है। इस बीच फतेहाबाद से सैंकड़ों की तादाद में पंजाब यूनिवर्सिटी, चण्डीगढ़ यूनिवर्सिटी व अन्य कॉलेजों में पढऩे के लिए चण्डीगढ़ व आसपास के इलाकों में रह रहे हैं। वीरवार रात को जब ब्लैकआउट हुआ तो छात्र-छात्राएं घबरा गए और उसके बाद देर रात तक सायरन बजते रहे और आसमान में गोले चलने की आवाज सुनकर विद्यार्थी दहशत में आ गए। इससे फतेहाबाद में रह रहे उनके अभिभावक भी अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए और फोन पर उनका हालचाल पूछते रहे। पंजाब यूनिवर्सिटी के अंतर्गत पडऩे वाले कॉलेजों में फाइनल इयर के पेपर चल रहे थे, जिसे शुक्रवार से 12 मई तक रद्द कर दिया गया। होस्टल वार्डन ने बताया कि 2 दिन फैसला लिया जाएगा कि इन विद्यार्थियों को अभी घर भेजा जाएगा यहां नहीं। इसके अलावा फतेहाबाद आने वाले विद्यार्थियों को कैब तक न मिलने से वह परेशान हैं। चण्डीगढ़ प्रशासन ने तो विद्यार्थियों को अपने संस्थानों से बाहर न निकलने के लिए कह दिया है।



### करीब 17 लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार



**सिरसा।** जिला के गांव घोड़ावाली निवासी एक व्यक्ति के साथ बीते दिनों हुई 16 लाख 90 हजार रुपए की साइबर धोखाधड़ी के मामले में साइबर थाना पुलिस ने एक आरोपी को पंजाब के अमृतसर प्रांत से काबू कर लिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने बताया कि पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते कुछ दिनों पहले उसके मोबाइल फोन पर अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आई और कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि वह टेलिग्राम से पर टाक्स पूरा करने का लालच देकर लाखों हड़प लिए।

### पोक्सो एक्ट के तहत 20 साल की सजा

**सिरसा।** सिरसा की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने पोक्सो एक्ट के एक मामले में शुक्रवार को दोषी को 20 साल का कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले के अनुसार सदर डबवाली पुलिस ने गांव अलीकां निवासी चादत सिंह उर्फ निक्का सिंह पुत्र राज सिंह के खिलाफ 18 मई 2021 को विभिन्न धाराओं सहित पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत मामला दर्ज किया था। आरोपी निक्का सिंह पर एक नाबालिगा को अगवा किए जाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने लापता नाबालिगा को बरामद किया। मेडिकल जांच में उसके गर्भवती होना पाया गया। ऐसे में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया। एडिशनल सेशन जज डा. नरेश कुमार सिंघल की स्पेशल फास्ट ट्रेक कोर्ट ने चादत सिंह को दोषी पाया, जिसके बाद उसे उपरोक्त सजा सुनाई गई है।

*भाजपा जिला प्रवीण जोड़ा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन*

# नागरिक अस्पताल को मेडिकल कॉलेज का दर्जा देने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद में प्रस्तावित नागरिक अस्पताल को एक बार फिर मेडिकल कॉलेज का दर्जा देने की मांग जोर पकड़ने लगी है। शहर की विभिन्न संस्थायें 2018 से लगातार प्रस्तावित नागरिक अस्पताल को मेडिकल कॉलेज बनाने की मांग लगातार करती आ रही है। प्रस्तावित नागरिक अस्पताल को मेडिकल कॉलेज का दर्जा देने व इसके साथ पड़ी खाली एजुकेशन की जमीन को मिलाकर देने की घोषणा भी तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा कर दी गई थी मगर किन्हीं राजनीतिक कारणवश यह मांग सिरे नहीं चढ़ पाई थी। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा को एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम देकर मांग रखी की प्रस्तावित नागरिक अस्पताल जोकि मेडिकल कॉलेज के मानदण्ड पूरे करता है, उसे मेडिकल कॉलेज का दर्जा दिया जाए।



फतेहाबाद। मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटोः हरिभूमि

#### 2 हजार करोड़ की होगी बचत

क्लब सदस्यों ने कहा कि इससे जहां प्रदेश सरकार को इसे बनाने के लगभग 2 हजार करोड़ की बचत होगी, वहीं इसके साथ लगती सेक्टर 9, 10, 11 की सैंकड़ों एकड़ जमीन से सरकार को अनुमानित 50 हजार करोड़ का लाभ भी होगा और जल्दी लोगों को मेडिकल कॉलेज की सुविधा फतेहाबाद जिले में मिलेंगी।





पृथ्वी पर 60,000 से अधिक ज्ञात वृक्ष प्रजातियां हैं।



अफ्रीका के सूखे मैदानों में पाए जाने वाले मोजावे रेगिस्तान के हॉजक्विन पेड़ को 'चलने वाला पेड़' कहा जाता है।



# कैट परीक्षा पास कर जुड़ सकते हैं कॉर्पोरेट जगत से



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आईआईएम और देश के अन्य सभी अच्छे बी-स्कूल के द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले एमबीए और पीजीपी पाठ्यक्रम में दाखिला लेने के लिए एक कंप्यूटर आधारित परीक्षा ली जाती है जिसे कैट कहा जाता है। प्रतिवर्ष लाखों छात्र स्नातक पास करते है। इनमें से बहुत से छात्रों का सपना होता है कि वे कॉर्पोरेट जगत के साथ जुड़कर अपना कॅरियर सेट करें और बड़े पदों पर नियुक्त होकर खूब पैसा कमाएं। इस सपने को पूरा करने के लिए मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) एक शानदार विकल्प है।

## लाखों अभ्यार्थी देते परीक्षा

एम.बी.ए. कोर्स कई संस्थानों में उपलब्ध है मगर भारत में आई.आई.एम. की तरफ आयोजित कैट परीक्षा को सबसे अधिक अहम माना जाता है। कैट की परीक्षा में हर साल लाखों अभ्यर्थी हिस्सा लेते है, इसलिए छात्रों के लिए परीक्षा पास करना सरल नहीं होता है। परीक्षा पास करने के लिए छात्रों को निरंतर तैयारी करनी होती है। आईआईएम के अतिरिक्त कुछ ऐसे कॉलेज है जो कैट स्कोर के आधार पर उम्मीदवारों को एडमिशन देते हैं जिनकी सूची इस प्रकार है।

- एस. पी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च
- फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज
- मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट
- इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी
- जमनालाल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज
- इंटरनेशनल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग

## आवेदन शुल्क



अगर परीक्षा पैटर्न के बारे में बात करें तो प्रश्न पत्र में कुल छात्र सवाल आते हैं और इस प्रश्न पत्र को हल करने के लिए उम्मीदवारों को 2 घंटे का समय दिया जाता है। यदि इसकी वैलिडिटी की बात करें तो कैट स्कोर एक साल के लिए वैध रहता है। यह परीक्षा अंग्रेजी माध्यम में आयोजित की जाती है। कैट परीक्षा के लिए योग्यता की बात करें तो हिस्सा लेने वाले उम्मीदवार किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 50% अंक के साथ स्नातक पास होने चाहिए (एससी, एसटी और दिव्यांग के लिए यह 45%) तय किया गया है। जो छात्र ग्रेजुएशन के फाइनल ईयर में है वह भी कैट परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। अगर इस परीक्षा में निर्धारित किए गए आवेदन शुल्क की बात करें तो सामान्य श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए आवेदन शुल्क दो हजार तय किया गया है वहीं एससी, एसटी और दिव्यांग विद्यार्थियों को आवेदन शुल्क के रूप में 1,150 रुपये देने होते हैं।

## एग्जाम के लिए योग्यता

- आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।
- आवेदक भारत के किसी भी मान्यता प्राप्त कॉलेज/यूनिवर्सिटी से किसी भी स्ट्रीम में 50 % अंकों के साथ स्नातक पास हो।
- यदि आवेदक एससी एसटी पीडब्ल्यूडी श्रेणी से है तो उनके लिए आरक्षण के तहत अंकों में 5% की छूट दी गई है। ऐसे में ये सभी छात्र 45% अंकों के साथ स्नातक पास हो।
- यदि कोई अभ्यर्थी अपने स्नातक के फाइनल ईयर में है तो वह भी कैट परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है।
- यदि अभ्यर्थी विदेशी नागरिक हैं तो वह पीआईओ या एनआरआई श्रेणी के तहत कैट एग्जाम के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- कैट परीक्षा के लिए कोई भी आयु सीमा तय नहीं की गई है यानी कि किसी भी उम्र का व्यक्ति कैट परीक्षा दें सकता है।
- परीक्षा कितनी बार एटेम्पट की जा सकती है इस पर भी कोई बाध्यता नहीं है। कोई भी छात्र जितनी बार चाहे यह परीक्षा दें सकता है।

### परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन

- कैट एग्जाम के रजिस्ट्रेशन के लिए आपको सबसे पहले कैट एग्जाम की वेबसाइट https://iimcat.ac.in/ पर जाना होगा।
- वेबसाइट पर आने के बाद आपको दिए गए रजिस्टर के लिंक पर क्लिक करना होगा।
- रजिस्टर के लिंक पर क्लिक करने के बाद आपके सामने आवेदन फॉर्म खुल जाएगा।
- फॉर्म खुल जाने के बाद आपको इसमें सभी जरूरी जानकरियों को दर्ज करना होगा।
- जानकारी सावधानीपूर्वक भरने के बाद आपको सभी आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड करना होगा।
- डॉक्यूमेंट अपलोड हो जाने के बाद आपको रजिस्ट्रेशन शुल्क की ऑनलाइन पेमेंट करनी होगी।
- आप फीस का भुगतान नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/यूपीआई आदि के माध्यम से कर पाएंगे।
- फीस का भुगतान करने के बाद आपको फॉर्म का प्रीव्यू कर सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा।
- जैसी ही आप सब्मिट के बटन पर क्लिक करेंगे आपका फॉर्म ऑनलाइन जमा हो जायेगा।
- इस प्रकार आप ऑनलाइन माध्यम से कैट एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते है।

## भारत में सदियों से चली आ रही आभूषण बनाने और डिजाइन करने की कला

# 10वीं के बाद करें ज्वेलरी डिजाइनिंग का कोर्स, कमाई के मिलेंगे बेहतर अवसर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

ज्वेलरी डिजाइनिंग आभूषणों को डिजाइन करने और बनाने की कला है। महिलाओं और पुरुषों द्वारा ज्वेलरी पहनने का प्रचलन मेसोपोटामिया और मिस्र की कम से कम 7,000 साल पुरानी सभ्यता से है। ज्वेलरी डिजाइनिंग के पारंपरिक विधि हाथ से चित्रकारी और ड्राफ्टिंग आज भी आभूषणों को डिजाइन करने में उपयोग में लिए जाते हैं। हालाँकि वर्तमान में ज्वेलरी डिजाइनिंग के तरीके काफ़ी बदल गए हैं। भारतीय ट्रेडिशन में गहनों को पवित्र और कीमती माना जाता है। आभूषण महिलाओं के श्रृंगार का महत्वपूर्ण हिस्सा है, हालाँकि प्राचीन काल में इनका स्वरूप मोती मणियों के आभूषण के रूप में था, जो अब बदल कर सोने-चांदी के आभूषण बन गए हैं। इन आभूषणों को बनाने का तरीका ही ज्वेलरी डिजाइनिंग कहलाता है। 20वीं सदी के दौरान ज्वेलरी

## क्यों करें ज्वेलरी डिजाइनिंग कोर्स

- ज्वेलरी डिज़ाइन में छात्रों को ज्वैलरी क्रिएशन और डिज़ाइनिंग और ज्वैलरी डिज़ाइनिंग में महत्वपूर्ण सभी पहलुओं का ज्ञान प्राप्त होता है।
- ज्वेलरी डिज़ाइन कोर्स में मेटलर्जी, आभूषण डिज़ाइनिंग, डायमंड ग्रेडिंग और सॉर्टिंग, सीएडी , पोर्टफोलियो डेवलपमेंट, जेमोलॉजी, बीडिंग आर्ट आदि विषयों और विषयों के व्यापक क्षेत्र शामिल हैं।



- ज्वेलरी डिज़ाइन कोर्स पूरा करने के बाद, किसी ब्रांड या कंपनी में नौकरी करने के बजाय, कोई भी अपना खुद का एक ब्रांड लॉन्च करके उद्यमिता शुरू कर सकता है, जिसमें उनकी खुद की ज्वेलरी डिज़ाइनिंग होगी।
- ज्वेलरी डिज़ाइन कोर्स ज्वेलरी डिज़ाइन उद्योग जैसे उत्पाद विकास, ग्राफिक डिज़ाइन, मार्किट रिसर्च, रचनात्मकता आदि में प्रोफेशनल करियर बनाने के लिए नए कौशल सीखने में मदद करता है।
- ग्लासडोर के एक सर्वे के अनुसार, भारत में करियर के शुरुआती वर्षों में एक ज्वैलरी डिज़ाइनर की औसत कमाई 4-5 लाख प्रति वर्ष है।

## गहनों को माना जाता है पवित्र और कीमती



## ये करना होगा

### ये स्किल्स चाहिए

- एडोब क्रिएटिव सूट
- ग्राफ़िक डिज़ाइन
- नेकलेस
- इंजीनियरिंग ड्राइंग
- खुदरा बिक्री
- सीएडी
- उत्पादन रूप
- कला शो
- डिज़ाइन प्रक्रिया
- उत्पाद विकास
- राइनो
- रुझान अनुसंधान
- बाजार अनुसंधान
- व्यापार की शो

### ज्वेलरी डिजाइनिंग के विषय

डिजाइन की नींव, डिजाइन के तत्व, कंप्यूटर एडेड डिजाइन, व्यापारिक और विपणन विचार, डिजाइन के लिए उपकरण, डिजाइन के तरीके, डिजिटल प्रतिनिधित्व, गहनों का इतिहास, डिजाइन का विज्ञापन, रत्न विज्ञान और रत्नों की स्थापना।

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें।
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं।
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें।
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें। प्रवेश परीक्षा के अंको के

## स्टेप बाय स्टेप गाइड

**स्टेप 1-** इसके लिए पहला कदम है 10+2 न्यूनतम 50% के साथ उत्तीर्ण करनी होगी।

**स्टेप 2-** बेहतर ज्वेलरी डिजाइनर बनने के लिए आपको डिजाइनिंग को बारीकी से समझना होगा, इसलिए ज्वेलरी डिजाइनिंग की पढ़ाई करने के लिए पहले प्रवेश परीक्षा को उत्तीर्ण करना होगा। प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय लेवल और राज्य लेवल दोनों स्तर पर कराए जाते हैं।

**स्टेप 3-** प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद आपकी रैंक के अनुसार कॉलेज में एडमिशन मिलेगा। एडमिशन पक्का करने के लिए आपको कॉलेज द्वारा काउंसलिंग के लिए बुलाया जाएगा।

**स्टेप 4-** डिजाइनिंग को और डिटेल में जानने के लिए आप इसमें मास्टर्स डिग्री भी कर सकते हैं। विदेश में मास्टर्स करने के लिए आपको जीमैट /जीआरई जैसी परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होंगी।

**स्टेप 5-** ज्वेलरी डिजाइनिंग की पढ़ाई पूरी होने के बाद आपको इंटर्नशिप करनी होगी ताकि आप डिजाइनिंग की प्रैक्टिकल नॉलेज प्राप्त कर सकें।

### टॉप विदेशी यूनिवर्सिटीज

- नोवा स्कोटिया कॉलेज ऑफ़ आर्ट एंड डिज़ाइन (एनएससीएडी ) यूनिवर्सिटी
- कला विश्वविद्यालय, लंदन
- बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी
- हर्टफोर्डशायर विश्वविद्यालय
- इंग्लैंड के पश्चिम विश्वविद्यालय
- रॉबर्ट गॉर्डन विश्वविद्यालय
- ग्रिफ़िथ विश्वविद्यालय
- एनएससीएडी विश्वविद्यालय
- क्रिएटिव आर्ट्स के लिए विश्वविद्यालय
- अल्स्टर यूनिवर्सिटी
- लासाल कॉलेज

### टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज

- आर्क एकेडमी ऑफ डिजाइन, जयपुर
- महात्मा ज्योति राव फूल विश्वविद्यालय, जयपुर
- आरटीएमएनयू नागपुर
- सेंट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन, नागपुर
- जेईसीआरसी विश्वविद्यालय, जयपुर
- एएएफटी मीडिया और कला विश्वविद्यालय, रायपुर
- जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, गुड़गांव
- भारतीय रत्न और आभूषण संस्थान- नई दिल्ली और मुंबई
- जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया- मुंबई
- भारतीय आभूषण संस्थान- मुंबई
- पर्ल एकेडमी ऑफ फैशन- दिल्ली, जयपुर, मुंबई और नोएडा
- वोग इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी- बैंगलोर, डिजाइन कॉलेज

### योग्यता

- यदि आप ज्वेलरी डिजाइनिंग में डिप्लोमा या बैचलर्स कोर्स करना चाहते है तो आपको 10+2 न्यूनतम 50% के साथ उत्तीर्ण करना होगा।
- ज्वेलरी डिजाइनिंग के लिए आपको कुछ प्रवेश परीक्षाओं को उत्तीर्ण करना होगा।
- यदि आप ज्वेलरी डिजाइनिंग में मास्टर कोर्स करना चाहते हैं तो बैचलर्स डिग्री का होना आवश्यक है। विदेश में पढ़ाई करने के लिए आपको जीमैट/जीआरई परीक्षा में अच्छा अंक प्राप्त करने होंगे।
- विदेश में ज्वेलरी डिजाइनिंग की पढ़ाई करने के लिए आपको इंग्लिश लैंग्वेज टेस्ट जैसे-आईईएलटीएस/ टीओईएफएल आदि कोर्स पहले से करके तैयार रखने हैं।

### टॉप जॉब प्रोफाइल

ज्वेलरी डिजाइनर, ज्वेलरी मरचेंड़ाइजर, एगजीबीशन मैनेजर, प्रोडक्शन मेनेजर, कास्टिंग मेनेजर, लेक्चरार, राइटर एंड ड्राफ्टर, म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी मैनेजर, फ्रैशन कंसल्टेंट, ज्वेलरी हिस्टोरीयन, ग्रेडिंग एड्वाइजर, रत्न अपरेजर, ज्वेलरी डिजाइन सेल्फ बिजनेस, ज्वेलरी सेंटर।

# हर छात्र को अपने जीवन में ऑपरेशन सिंदूर से लेनी चाहिए जरूरी सीख



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारतीय सेना हमारे देश का गौरव और शक्ति का प्रतीक है। उनके साहस, समर्पण और बलिदान की कहानियां हमें न केवल प्रेरित करती हैं, बल्कि यह भी सिखाती हैं कि देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा क्या होता है। आपने सुना होगा कि "हम सुरक्षित हैं, क्योंकि वे सीमा पर लड़ रहे हैं।" यह केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि एक ऐसी सच्चाई है, जो हर भारतीय के दिल में गर्व और कृतज्ञता जगाती है। हाल ही में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से यह साबित किया कि कोई भी भारतीय महिला का आंसू व्यर्थ नहीं जाएगा। इस ऑपरेशन का नाम और इसकी भावना उन महिलाओं को समर्पित है, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया। आइए, इस ऑपरेशन से प्रेरणा लें और समझें कि कैसे हम अपने जीवन में उनके गुणों को अपनाकर देश के लिए गर्व का कारण बन सकते हैं।

## सीमा पर उनकी वीरता, हमारे लिए शांति

जब आप अपने स्कूल में पढ़ रहे होते हैं, दोस्तों के साथ हंसते-खेलते हैं या अपने परिवार के साथ समय बिता रहे होते हैं, उस समय भारतीय सेना के जवान बर्फीली चोटियों, रेगिस्तान की गर्मी या जंगलों की कठिन परिस्थितियों में देश की रक्षा कर रहे होते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने केवल 25 मिनट में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया, जिसमें 70 से अधिक आतंकी मारे गए। यह कार्रवाई इतनी सटीक थी कि किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया, जिससे भारत की संयमित और जिम्मेदार छवि दुनिया के सामने आई। ऑपरेशन सिंदूर हमें सिखाता है कि मुश्किल हालातों में भी धैर्य, अनुशासन और एकजुटता से बड़ी से बड़ी चुनौती को पार किया जा सकता है। जब आप पढ़ाई में किसी जटिल विषय से जूझ रहे हों, किसी असाइनमेंट में असफल हों या अपने सपनों को पूरा करने में रुकावटें आएं, तो भारतीय सेना के जवानों की वीरता को याद करें। उनकी तरह आपको भी हार नहीं माननी है। ऑपरेशन सिंदूर से हमें कुछ महत्वपूर्ण सबक मिलते हैं। सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को सावधानीपूर्वक योजना और सटीकता के साथ अंजाम दिया। आप भी अपनी पढ़ाई और लक्ष्यों के लिए एक योजना बनाएं और उसे पूरी मेहनत से लागू करें। टीम वर्क की ताकतः ऑपरेशन सिंदूर में सेना, नौसेना और वायुसेना ने मिलकर काम किया।

## धैर्य और अनुशासन

ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने संयम और अनुशासन के साथ कार्रवाई की। आप भी अपने जीवन में अनुशासन लाएं, समय का पालन करें और धैर्य के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ें।

**छात्र यात्रा में सेना की प्रेरणा :** कई बार स्कूलों में छात्रों को सेना के कैंप या शैक्षिक यात्राओं पर ले जाया जाता है। वहां आपने देखा होगा कि जवान कितने अनुशासित, शांत और आत्मविश्वासी होते हैं। उनकी कहानियां और उनके मिशन, जैसे ऑपरेशन सिंदूर, हमें बताते हैं कि जीवन में कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। इस ऑपरेशन ने न केवल आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, बल्कि उन परिवारों को न्याय दिलाया, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया। प्रियदर्शिनी सत्पथी, जिनके पति प्रशांत सत्पथी पहलगाम हमले में शहीद हुए, ने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर का नाम प्रतीकात्मक है आतंकी हमले ने मासूम महिलाओं के माथे से पवित्र सिंदूर छीन लिया। जब आप अपनी पढ़ाई में मेहनत करते हैं, तो यह सोचें कि आपकी सफलता आपके देश को मजबूत बनाएगी। चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक या कुछ और बनें, अगर आप अपने काम को पूरी लगन और ईमानदारी से करेंगे, तो आप भी अपने देश के लिए एक सैनिक की तरह योगदान देंगे।

## सामान्य ज्ञान

**1.** ऋग्वेद में सबसे पवित्र नदी किसे माना गया है?
(ए) सिन्धु
(बी) सरस्वती
(सी) परुष्णी
(डी) शतुद्रि

**2.** वैदिक समाज की आधारभूत इकाई थी
(ए) कुल / कुटुम्ब
(बी) ग्राम
(सी) विश
(डी) जन

**3.** ऋग्वैदिक काल के उस सबसे प्रधान देवता की पहचान करें, जिसकी स्तुति में 250 सूक्तों की रचना की गयी थी
(ए) इन्द्र
(बी) अग्नि
(सी) वरुण
(डी) सूर्य

**4.** किस वेद में सभा को 'नरिष्ट' अर्थात सामूहिक वाद-विवाद या अनुल्लंघनीय कहा गया है?
(ए) ऋग्वेद
(बी) यजुर्वेद
(सी) सामवेद
(डी) अथर्ववेद

**5.** किस रचना में नारी को सुरा और पांसा के साथ तीन प्रमुख बुराइयों में शामिल किया गया है?
(ए) मैत्रायणी संहिता
(बी) जावाल उपनिषद्
(सी) शतपथ ब्राह्मण
(डी) छांदोग्य उपनिषद्

**6.** उत्तर-वैदिक काल में किस देवता को सर्वोच्च स्थान प्राप्त था?
(ए) प्रजापति
(बी) इन्द्र
(सी) विष्णु
(डी) रुद्र

**7.** संस्कारों की कुल संख्या कितनी है?
(ए) 14
(बी) 15
(सी) 16
(डी) 18

**8.** तीन ऋण में शामिल नहीं है
(ए) देव ऋण
(बी) पितृ ऋण
(सी) ऋषि ऋण
(डी) मातृ ऋण

**9.** ऋग्वैदिक काल से संबंधित मृदभांड संस्कृति है
(ए) गेरुवर्णी मृदभांड (**OCP**) संस्कृति
(बी) चित्रित धूसर मृदभांड (**PGW**) संस्कृति
(सी) **a** और **b** दोनों
(डी) इनमें से कोई नहीं

उत्तर 1.(बी) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(ए) 6.(ए) 7.(सी) 8.(डी) 9.(ए)

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**फतेहाबाद।** खैराती रोड पर एक कार की टक्कर से बाईक सवार युवक घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव चाडीवाल, जिला सिरसा निवासी खेतपाल ने कहा है कि उसका लडक़ा पवन मोटरसाइकिल पर सवार होकर सिरसा से फतेहाबाद आ रहा था। जैसे ही वह फतेहाबाद में खैराती रोड पर पहुंचा तो सामने से आ रही एक कार के चालक ने कार को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए उसके मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में पवन गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

### लोन के नाम पर हजारों रुपये ठगे, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने रतिया के एक युवक को लोन दिलवाने के नाम पर उससे 20 हजार रुपये हड़प लिए। इस बारे पीड़ित युवक द्वारा रतिया पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में नाहरका मोहल्ला, रतिया निवासी गुरविन्द्र शर्मा ने कहा है कि कुछ दिन पहले उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर मैसेज आया कि अगर उसे लोन की जरूरत है जो वह उसे लोन दिलवा सकता है। इसके लिए उसे पहले पॉलिसी लेनी पड़ेगी। उन्होंने उसे एक मोबाइल नंबर दिया और कहा कि इस नंबर से पॉलिसी की सारी डिटेल भेज देगा। इसके बाद उसके व्हाट्सएप पर कॉल आई और फोन करने वाले ने कहा कि लोन से पहले पॉलिसी के लिए उसे 20 हजार रुपये देने होंगे। इस पर उसने फोन पे से 20 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

### मारपीट के मामले में एक युवक किया काबू

**फतेहाबाद।** गांव बड़ोपल में गेहूं की फसल निकालने को लेकर हुए विवाद में मारपीट करने के मामले में फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। पकड़े गए युवक की पहचान बलवंत उर्फ जिराम पुत्र सुरजा राम निवासी बड़ोपल के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 13 अप्रैल को चिंदड़ निवासी जगतपाल की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### अब तक 1,66,994 क्विंटल सरसों फसल की आवक

**फतेहाबाद।** जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में सरसों फसल की आवक जोरों पर है। जिला में अब तक 166994 क्विंटल सरसों फसल की आवक हुई है, जिसमें से एचएसडब्ल्यूसी द्वारा फतेहाबाद अनाज मंडी में 20177 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 101249 क्विंटल तथा हैफेड द्वारा भूना अनाज मंडी में 45568 क्विंटल की आवक हुई है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों से अब तक 154007 क्विंटल सरसों फसल का उठान हो चुका है, जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 7190 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 101249 क्विंटल उठान किया गया।

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित एक युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों की धरपकड़ करते हुए रतिया पुलिस ने एक युवक को चोरीशुदा मोटसाइकिल सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान बिट्टू पुत्र प्रीतपाल निवासी हड़ौली के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक मोटरसाइकिल को भी बरामद किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 11 जनवरी 2024 को सैनी मोहल्ला, रतिया निवासी हरजीत सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके मोटरसाइकिल को सुनील कुमार लेकर गया था। उसने मोटरसाइकिल को पशु अस्पताल, मेन बाजार रतिया की पार्किंग में खड़ा किया और अपनी दुकान पर चला गया। शाम को जब वह वापस आया तो बाइक नहीं मिली।

### गर्मी के मौसम में जल संचय को लेकर डीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

# पानी की कीमत समझें लोग, गाड़ियों को धोकर इसे व्यर्थ न बहाएं : उपायुक्त

जल स्वच्छता एवं सहायक संगठन जल बचाओ अभियान के तहत लोगों को करेगा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ›› फतेहाबाद



फतेहाबाद। जल संचय को लेकर अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देती उपायुक्त मनदीप कौर। फोटो : हरिभूमि

जिला में आमजन के उपयोग के लिए पानी की कोई कमी नहीं है। इसलिए हमें पानी को किसी भी कीमत पर व्यर्थ नहीं बहाना है। जल एक अनमोल संसाधन है, जिसे हमें पूरी जिम्मेदारी से उपयोग में लाना चाहिए। यह निर्देश उपायुक्त मनदीप कौर ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर गर्मी के मौसम के मद्देनजर जल संचय को लेकर अधिकारियों को दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसी भी गांव में गंदे पानी के तालाब में साफ नहरी पानी न भरें। उपायुक्त ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे जल के महत्व को समझें और जरूत अनुसार पानी का उपयोग करें। उन्होंने बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों से आह्वान किया कि घरों में पानी की टोंटी को खुला ना छोड़े। उन्होंने कहा कि घरों और संस्थानों में पाइपों में लीकेज के कारण पानी व्यर्थ बहता रहता है।उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे अपने घरों के बाहर रोज पाइपों के माध्यम से गाडियों को धोकर पानी को व्यर्थ ना बहाएं।

### खैरेका और मीरपुर गांव में चलाया अभियान

गांव खैरेका और मीरपुर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। इस मौके पर वरिष्ठां कैमिस्ट संतोष कुमारी, जिला सलाहकार राकेश सोगलान, बीआरसी राजेश कुमार और सीताराम उपस्थित रहे। इस दौरान टीम ने पीने के पानी के सैंपल लिए, जिन्हें जांच के लिए जिला सिरसा की लैब में भेजा गया। वहीं गांव मीरपुर में सरपंच की अध्यक्षता में ग्रामीण जल एवं स्वच्छता समिति की मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें जल संरक्षण और जल गुणवत्ता को लेकर विशेष हिदायतें दी गईं।

### ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया, एडीएम राजेश कुमार, प्रतीक हुड्डा, सुरेश कुमार, जिला परिषद सीईओ सुरेश कुमार, डीएमसी संजय बिश्नोई, सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता ओपी बिश्नोई, डीआरओ श्याम लाल, डीडीपीओ अनूप सिंह, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के उप निदेशक अमित पंवार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



ग्रामीणों को जागरूक करती विभागीय टीम। फोटो : हरिभूमि

### जल संकट: पानी बर्बाद करने पर होगी कार्रवाई

**सिरसा।** गर्मी में जल संकट से निपटने के लिए अब जल बचाओ अभियान चलाया जाएगा तथा जो लोग जल की बर्बादी कर रहे हैं उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। शहरी क्षेत्र में निगरानी के लिए टीमें फिल्ड में उतारी गई है। जल है तो जीवन है इस महत्वपूर्ण संदेश को हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। इसके लिए नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लोगों को जल संरक्षण के महत्व की जानकारी दी जाएगी। गली मोहल्लों में जाकर लोगों से बातचीत की जाएगी ताकि वे जल बचाने के उपायों को अपनाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें। जल स्वच्छता एवं सहायक संगठन के जिला सलाहकार राकेश सोगलान ने बताया कि जल संरक्षण को लेकर अभियान चलाया गया है। गर्मी के दौरान पानी की बचत भी बड़ा अहम विषय है, इसलिए पानी की बर्बादी को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। जल संरक्षण से ही पानी की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकता है ताकि किसी को किसी प्रकार की दिक्कत न आए।

उन्होंने बताया कि पीने के पानी का उपयोग गलियों में छिड़काव या वाहनों को धोने में नहीं किया जा सकता है। उन्होंने जहां भी जल व्यर्थ बहता नजर आए, उसे तुरंत रोकने की अपील की। आरओ फिल्टर से निकलने वाले अपशिष्ट जल को एकत्रित कर पेड़-पौधों में या घर की सफाई में इस्तेमाल करें। साथ ही, पेड़ों और पौधों की जड़ों में नमी बनाए रखने के लिए मल्चिंग की सलाह दी गई, जिससे सिंचाई में पानी की आवश्यकता कम हो सके।

## पब्लिक हेल्थ कर्मचारी से मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ›› फतेहाबाद

टोहाना पुलिस ने पब्लिक हेल्थ के एक कर्मचारी के साथ लड़ाई झगड़ा करने के मामले में कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान नवीन कुमार पुत्र नरेश कुमार निवासी बोस्ती के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर हिसार जेल भेजा गया है। थाना सदर टोहाना प्रभारी एसआई शादीराम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 11 नवम्बर 2024 को गांव बोस्ती निवासी दलबीर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत पब्लिक हेल्थ विभाग में हेल्पर के पद पर कार्यरत है। उसकी गांव बोस्ती में वॉटर सप्लाई में ड्यूटी है। सुबह जब वह पानी सप्लाई का वॉल बदलने जा रहा था तो रास्ते में सनियाना मोड पर गांव का नवीन कुमार उसे मिला और कहा कि पानी की पाइन लाइन में लीकेज है। इस पर उसने 2 दिन में इसे ठीक करवाने की बात कही। इसके बाद नवीन तैश में आ गया और शराब के नशे में उस पर ईंट से हमला कर घायल कर दिया।

## लाखों के गुम हुए मोबाइल मालिकों को सौंपे

- साइबर सुरक्षा शाखा प्रभारी इंस्पेक्टर सतीश की टीम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ›› फतेहाबाद



फतेहाबाद। गुम हुए मोबाइल फोन उनके मालिकों को लौटाते एसपी सिद्धांत जैन।

जिला फतेहाबाद पुलिस की साइबर सुरक्षा शाखा ने मोबाइल गुम होने की शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए 5 शिकायतों का निपटारा किया है। पुलिस ने गुम हुए 5 मोबाइल फोनों को बरामद किया। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने अपने कार्यालय में गुमशुदा मोबाइल फोन के असल मालिको को बुलाकर उन्हें मोबाईल फोन सौंपे। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि जिला पुलिस फतेहाबाद की साइबर सुरक्षा शाखा में मोबाइल गुम होने की शिकायत आती रहती है, जिसकी जांच करते हुए साइबर सुरक्षा शाखा प्रभारी इंस्पेक्टर सतीश की पुलिस टीम ने लाखों रुपए के 5 मोबाइल फोन बरामद कर उनको असल मालिकों के हवाले किए। इनमें दर्शन राम पुत्र नूरा राम निवासी संगरूर पंजाब, विजय सिंह पुत्र बंशीलाल निवासी बीघड़ फतेहाबाद, रमेश कुमार पुत्र राम कुमार निवासी नरवाना जिला जींद, राकेश यादव पुत्र राधे श्याम निवासी गुरुग्राम व संजय पुत्र धर्मपाल निवासी भट्टू कलां जिला फतेहाबाद शामिल हैं। इन लोगों ने अपने गुम हुए मोबाईल फोन्स को पाकर फतेहाबाद पुलिस का धन्यवाद किया और कहा कि फतेहाबाद पुलिस ने इनके गुम हुए मोबाइल फोन को ढूंढकर इन्हें वापस लौटाकर सराहनीय कार्य किया है।

### 948 नशीली दवाइयों सहित दो गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस द्वारा पंजाब की सीमा से सटे जिला डबवाली को नशा मुक्त करने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। जिला पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है तथा विभिन्न प्रकार का नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिला पुलिस द्वारा जहां मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है वहीं मेडीकल नशा बेचने वालों के खिलाफ भी शिकंजा कसा जा रहा है। इसी के तहत डबवाली के एएनसी स्टाफ ने औषधि नियंत्रक अधिकारी को साथ लेकर डबवाली से 948 नशीली गोलियां व कैप्सूल के साथ आरोपी कमल उर्फ सुखबिन्द्र सिह पुत्र गुरदीत सिंह को काबू किया।

## विद्यार्थियों को मेहनत व लगन से पढ़ाना हमारा कर्तव्य : कौर

हरिभूमि न्यूज ›› ओढां

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नुहियांवाली में आज गुरवंत कौर निवासी फरवांई खुर्द ने पदोन्नत होकर प्रधानाचार्या के पद पर कार्यग्रहण किया। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य राजकुमार कसवां ने उन्हें ज्वाईन करवाया और स्वागत किया। राजकुमार कसवां इस विद्यालय में 1 मई 2022 से 9 मई 2025 से लगभग 3 वर्ष तक कार्यवाहक प्रधानाचार्य रहे। ज्वाइन करने के बाद नई प्रधानाचार्य ने सभी स्टॉफ सदस्यों की एक बैठक बुलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को मिलकर रहना है और एक-दूसरे का सहयोग करते हुए विद्यालय व शिक्षा को बढ़ाना है। तथा बच्चों को मेहनत व लग्न से पढ़ाना हमारा कर्तव्य है। इस मौके पर स्टाफ सदस्य राजकुमार कसवां, पवन देमीवाल, सुशील सोनी, महावीर मलहान, डॉ. शुभांकर तंवर, रोहताश कुमार, बलविंद्र सिंह, प्रदीप मलिक, होशियार सिंह, पवनदीप सिंह, सोहन लाल आदि मौजूद रहे।

## उपायुक्त ने की समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ›› फतेहाबाद

- अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान के दिए निर्देश

उपायुक्त मनदीप कौर ने समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक जिला रिव्यू बैठक की अध्यक्षता की और समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के निपटान की समीक्षा की। उन्होंने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित हो रहे समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निपटारा तत्परता और प्राथमिकता के आधार पर करें ताकि नागरिकों को कोई परेशानी ना हो। उपायुक्त ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने उपमंडल में समाधान शिविरों की समीक्षा बैठकें आयोजित करें और शिविरों में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लें। समाधान शिविरों में आने वाले नागरिकों के साथ संवेदनशीलता और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ व्यवहार किया जाए, ताकि लोगों का विश्वास प्रशासनिक व्यवस्था में बना रहे। इन शिविरों के माध्यम से जन समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में आने वाली प्रत्येक समस्या का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाए और यदि किसी समस्या के समाधान में समय लगता है तो उसकी स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित कर आवेदक को सूचित किया जाए।

## दुकानदार के मोबाइल से 6 हजार रुपये किए ट्रांसफर, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद।

भट्टूकलां में दो युवक एक दुकानदार के साथ धोखाधड़ी कर उसके मोबाइल से 6 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। इस बारे पीड़ित दुकानदार द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में सुमेर सिंह निवासी चूली बागडियान जिला हिसार ने कहा कि उसकी भट्टू मण्डी में अग्रवाल धर्मशाला के पास स्पेयर पार्ट्स की दुकान है। 2 मई को दो युवक उसकी दुकान पर आए और एक लीटर मोबिल तेल मांगा। उसने इन युवकों को मोबिल दे दिया। इसके बाद युवकों ने उसे फोन में स्क्रीन शॉट दिखाया और कहा कि उन्होंने पैसे भेज दिए है। जब उसने अपने खाते का बैलेंस चैक किया तो पाया कि उसके खाते में कोई राशि नहीं आई थी। इस पर दोनों लडक़ों ने उससे कहा कि वह उसे अपना मोबाइल फोन दिखाएं। इस पर उसने विश्वास कर युवकों को अपना मोबाइल दे दिया। इसके बाद युवकों ने उसके फोन पे से 6 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए।

## 7.290 किलो चूरापोस्त सहित आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ›› सिरसा



सिरसा। पकड़ा गया चूरापोस्त तस्कर।

एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव रामनगरिया क्षेत्र से एक व्यक्ति को 7 किलो 290 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम के प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार ने बताया कि नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस की एक टीम गश्त व चैकिंग के दौरान शहर से होते हुए गांव भंबूर की ओर जा रही थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी जब गांव रामनगरिया से थोड़ा आगे हिंदुस्तान पेट्रोल पंप के नजदीक पंहुची तो ईंट भट्टे की ओर जा रहे कच्चे रास्ते पर एक व्यक्ति अपने हाथ में प्लास्टिक का थैला लिए हुए खड़ा दिखाई दिया। उक्त व्यक्ति ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडक़र छिपने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त व्यक्ति को काबू कर राजपत्रित अधिकारी के मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्जा से 7 किलो 290 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद हुआ।

### मोटरसाइकिल सवार युवक 8.8 ग्राम कोकीन के साथ काबू

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान मंडी डबवाली से एक युवक को करीब 8 ग्राम 800 मिलीग्राम कोकीन सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी निरीक्षक गजराज ने बताया कि एएसआई राजेंद्र सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान डबवाली में रेलवे फाटक के पास मौजूद थे। इस दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आरजु पुत्र राजेश कुमार मनचंदा बाइक पर सवार होकर मौका पर बेदी फैशन हाउस वाली गली में खड़ा है। जिसके पास कोकीन है। सूचना को सही मानकर व साथी कर्मचारियों को अवगत करवाकर तुरंत बेदी फैशन वाली गली में पहुंचकर गली मे खड़े युवक को बाइक सहित काबू करके तलाशी ली तो आरोपी की जेब से पारदर्शी पन्नी कोकीन सहित बरामद हुई। आरोपी युवक की पहचान आरजु पुत्र राजेश कुमार के रूप में हुई है।

## मोना पुरी ने संभाला प्राचार्य पद

हरिभूमि न्यूज ›› चोपटा



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढूकड़ा में मोना पुरी ने शुक्रवार को प्राचार्य का पदभार संभाला। मोना पुरी काफी लंबे समय से इतिहास की प्राध्यापिका के रूप में कार्यरत थी और प्रोमोशन के बाद उनको प्राचार्य बनाया गया है। गांव के सरपंच व ग्राम वासियों ने कहा यह हमारे लिए गौरव की बात है कि मोना पुरी ने उनके स्कूल मे प्राचार्य ज्वाइन किया है उन्हें पंचायत और गांव की तरफ से पूरा सहयोग दिया जाएगा गौर तलब है कि युवा सरपंच राजेंद्र ढूकडा स्कूल व गांव के विकास के लिए बेहद ज्यादा क्रियाशील और सक्रिय रहते हैं ।

प्राचार्या मोना पुरी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ-साथ उनका हर श्रेत्र में विकास करना भी रहेगा। मोना पुरी हिंदी व इतिहास में स्नातकोत्तर और बी एड हैं। विद्यार्थी जीवन से ही वे एक सक्रिय छात्रा के रूप में रही। एमपी कॉलेज की चारों साल स्टूडेंट यूनियन की सदस्य रही जिसमें से 2 वर्ष में है वहां की प्रधान भी रही। इसके अलावा वह विभिन्न महाविद्यालय में बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब भी हासिल करती रही।

## 4 हजार नशीली दवाइयों सहित दो युवकों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ›› सिरसा



फतेहाबाद। रतिया पुलिस गिरफ्त में पकड़ा गया युवक।

सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान हुडा सेक्टर से दो युवकों को 4 हजार नशीली गोलियों सहित काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान शहर के हुडा सेक्टर की ओर जा रही थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को सामने से दो युवक अपने हाथों में प्लास्टिक के बैग लिए हुए आते दिखाई दिए। उक्त युवकों ने सामने पुलिस पार्टी को देखकर अचानक वापस मुडक़र भागने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर दोनों युवकों को काबू कर उनके हाथों में लिए प्लास्टिक बैग की नियमानुसार तलाशी ली तो उनके बैग से 4 हजार नशीली टपेंटाडोल गोलियां बरामद हुई है,जिन्हें युवा अक्सर नशे में प्रयोग करते है। आरोपियों की पहचान हरविंदर सिंह पुत्र रामकृष्ण कुमार निवासी जंडवाला जाटान व राहुल पुत्र राजेश कुमार निवासी ढाबा ढाणी जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि उक्त नशीली गोलियों को आगामी कार्रवाई हेतू ड्रग कंट्रोलर विभाग की टीम के हवाले की गई है।

### ट्यूबवेल का स्टार्टर चुराने के मामले में दो युवक किए गिरफ्तार

फतेहाबाद। फतेहाबाद पुलिस ने गांव शहीदांवाली में खेत से सोलर पंप का स्टार्टर चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए पंजाब के दो युवकों करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवकों की पहचान विक्रम पुत्र कृष्ण कुमार व सुरेन्द्र कुमार पुत्र रोशन लाल निवासी खैरा खुर्द, जिला मानसा पंजाब के रूप में हुई है। दोनों युवकों को अदालत में पेश किया जहां से इन्हें हिसार जेल भेजा गया है। दोनों युवकों ने गांव दरियापुर के खेत में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 4 अगस्त 2024 को गांव शहीदांवाली निवासी रमेश कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने खैरातीखेड़ा रोड स्थित अपने खेत में सोलर ट्यूब्वैल लगाया हुआ है। रात को अज्ञात चोर उसके खेत में घुस गए और सोलर पम्प का स्टार्टर चोरी कर ले गए हैं।

### मुख्त्यार सिंह कॉलेज बहबलपुर में एनसीसी कैडेट ने की मॉक ड्रिल

# कैडेट्स को हवाई हमले से बचाव व दुश्मन से अपने आप को छुपाने का कराया अभ्यास

- प्राचार्य ने देश सेवा के लिए तैयार रहने का किया आह्वान
- युद्ध के समय साहस से परिस्थितियों का सामना करें

हरिभूमि न्यूज ›› फतेहाबाद



फतेहाबाद। मुख्त्यार सिंह कॉलेज बहबलपुर में मॉक ड्रिल करते एनसीसी कैडेट्स।

गांव बहबलपुर स्थित मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने युद्ध कालीन स्थिति को मध्य नजर रखते हुए 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन, हिसार कमांडिंग आफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे के निर्देशानुसार मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर एएनओ मनीता बिश्नोई ने कैडेट्स तथा छात्र-छात्राओं को बताया कि वर्तमान समय में भारतीय सेना द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान तथा पीओके में आतंकी शिविरों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद युद्ध के हालात बन रहे हैं।

इसके संबंध में सरकार द्वारा ब्लैक आउट तथा मॉक ड्रिल के निर्देश जारी हुए हैं, उसी के अनुपालन में यह अभ्यास करवाया गया। इसी क्रम में कैडेट्स को हवाई हमले से बचाव के लिए जमीन पर कैसे लेटते हैं अथवा दुश्मन से अपने आप को छुपाने के लिए किस प्रकार खड़े होते हैं तथा इंप्रोवाइज स्ट्रै पर आदि का अभ्यास करवाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओपी नागपाल ने विद्यार्थियों को बताया कि युद्ध के समय देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होता है कि वह साहस के साथ परिस्थितियों का सामना करें और अपनी जान बचाने के लिए अन्य नागरिकों की भी सहायता करें। प्राचार्य ने एनसीसी कैडेट्स को आह्वान किया कि उन्हें देश सेवा के लिए तैयार रहना चाहिए।

**खबर संक्षेप**

### श्री हनुमंत फाउंडेशन का नेत्र जांच कैंप कल

**सिरसा।** श्री हनुमंत फाउंडेशन द्वारा जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से आगामी 11 मई को आंखों की जांच एवं मोतिया बिंद के आप्रेशन और ब्लड शुगर जांच का 268वां निःशुल्क मासिक चिकित्सा कैम्प श्री हनुमंत चैरिटेबल अस्पताल में लगाया जाएगा। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल व अध्यक्ष डॉ. आशीष खुराना ने बताया कि शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि समाजसेवी डॉ. राजकुमार गुप्ता व समाजसेवी अंबर अरोड़ा करेंगे।

### डॉक्टर का मोबाइल छीनने का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने एक चिकित्सक से मोबाइल छीनने के मामले में जशन निवासी राजनगर को गिरफ्तार किया है। टोहाना प्रभारी इंस्पैक्टर प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 28 फरवरी 2025 को डॉ. नवीन गोयल निवासी अम्बेडकर चौक, टोहाना की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह शाम को सैर के लिए मारवल कालोनी से अपने घर की तरफ जा रहा था तो रतिया रोड पर तीन युवक फोन छीन ले गए थे।

### मकान में सेंध लगाकर चुराया सामान, केस

**सिरसा।** शहर के अग्रसैन कॉलोनी में एक मकान से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में सुधीर कुमार ने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है। उसने बताया कि उसने अपना मकान बेचना है, जिसके चलते कुछ दिनों से बंद पड़ा है। इसी का फायदा उठाकर चोर मकान में लगी एलसीडी व घरेलु बर्तन सहित कुछ अन्य सामान चोरी कर ले गए। सुबह जब वह मकान में गया तो उसे घटना का पता चला। अंदर जाकर देखा जब उसने देखा तो कमरे का ताला टूटा पड़ा था व सामान बिखरा पड़ा था।

### गुरुद्वारे के गुल्लक से नकदी चोरी, केस

**सिरसा।** ढाणी सरूप सिंह स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में लगे गुल्लक को तोड़कर चोर नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में बलदेव सिंह ने बताया कि बीती 8 मई की सुबह वह पूजा पाठ के बाद गुरुद्वारे से घर चला गया। चोरों ने इसी का फायदा उठाकर गुरुद्वारे में घुसकर गुल्लक को तोड़कर हजारों रुपए की नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सोशल मीडिया पर प्रशासन की पैनी नजर

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने जिला के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर किसी भी प्रकार की बिना अधिकृत अथवा अपुष्ट फोटो, वीडियो अथवा न्यूज का संप्रेषण अपने प्रचार माध्यम अथवा सोशल मीडिया पर न करें। साथ ही यदि कहीं कोई ऐसी फेक न्यूज है तो उसे अपने माध्यम से आगे प्रचारित न करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा नियमों की पालना करते हुए जिला के नागरिकों का सहयोग अपेक्षित है। कोई भी जानकारी सांझा करने से पूर्व उसके तथ्यों की जांच करने सहित केवल प्रशासनिक जानकारी पर ही विश्वास करें।

### भारत और पाकिस्तान में युद्ध जैसे हालातों के बीच फतेहाबाद पुलिस अलर्ट मोड पर

# ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी, घबराएं नहीं, सतर्क रहें

### पुलिस ने होटल, रेस्टोरेंट व रेस्ट हाउस के मालिकों से मीटिंग कर रिकॉर्ड रखने का दिया निर्देश



एसपी सिद्धांत जैन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भारतीय सेना द्वारा आतंक के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर को ध्यान में रखते हुए, फतेहाबाद पुलिस ने आम जनता के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि भारतीय सेना द्वारा आतंक के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन सिन्दूर को मद्देनजर आपात स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। एसपी ने कहा कि आप सैनिक नहीं हैं, लेकिन राष्ट्र की हिम्मत आप हैं। घबराएँ नहीं, सतर्क रहें, संगठित रहें और सकारात्मक रहें।

भारत और पाकिस्तान में युद्ध जैसे हालातों के बीच फतेहाबाद पुलिस भी अलर्ट मोड पर आ गई है। जिले की पंजाब बॉर्डर और राजस्थान बॉर्डर से लगती सीमाओं पर पुलिस ने सक्रियता बढ़ा दी है। रेलवे स्टेशनों पर भी चौकसी बढ़ाई गई है। एसपी सिद्धांत जैन ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने एरिया में होटलों व धर्मशालाओं में विशेष चेकिंग अभियान चलाने के आदेश दिए हैं। अजनबी लोगों को भी चेक करने के लिए कहा है। होटल, रेस्टोरेंट व रेस्ट हाउस के मालिकों से मीटिंग करके उन्हें विजिटर व्यक्तियों का पूरा ब्योरा रखने तथा उनके फोटो, पहचान-पत्र आदि का रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए हैं। सभी बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, ढाबों आदि पर भी चेकिंग बढ़ाई जा रही है। एसपी ने आमजन से अपील की है कि सभी सचेत रहें। किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति का पता चलते ही उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का हर प्रकार से सहयोग करें।

**हवाई हमलों और अफवाहों के दौर में नागरिक ये करें : जैन**

**1. ऐसी स्थिति में सबसे पहले जान बचाना प्राथमिकता है**
- घर में सबसे सुरक्षित कमरा पहचानें (जहाँ खिड़कियाँ न हों)।
- बाहर हों तो पास के मजबूत ढांचे या निचली जगह में लेट जाएं।
- तत्काल रिकॉर्डिंग या विडियो बनाने के लिए बाहर न दौड़ें।

**2. इमरजेंसी किट तैयार रखें**
- पहचान पत्र, जरूरी दवाइयाँ, पानी, सूखा खाना, मोबाइल चार्जर, फ्लैशलाइट
- किट एक बैग में रखें जो तुरंत उठाकर निकला जा सके।

**3. अफवाहों से बचें, केवल आधिकारिक सूचना पर भरोसा करें**
- सरकारी ऐप (एनडीएमए), एयर और डीडी न्यूज जैसे विश्वसनीय स्त्रोतों से ही अपडेट लें।
- व्हाट्सएप, ट्विंटर (एक्स) या फेसबुक पर फैली खबरों की पुष्टि करें।

**4. मानसिक संतुलन बनाए रखें**
- दिन में 2 बार से ज्यादा खबरें न देखें।
- 4-4-4-4 बॉक्स ब्रीदिंग करें, 4 सेकंड सांस लें, रोकें, बाहर छोड़ें, रोकें, दोहराएं।
- पूजा, प्रार्थना या ध्यान करें।
- बच्चों से डर की बात नहीं, दिनचर्या बनाए रखें (खेल, पढ़ाई, कहानियाँ)।

**5. समुदाय के साथ जुड़ें**
- पड़ोसियों से संपर्क रखें, बुजुर्गों की सहायता करें।
- कोई भी संदिग्ध चीज दिखे तो पुलिस को सूचित करें, न कि सोशल मीडिया पर डालें।
- फैक्ट-चेक वेबसाइट से सत्यापन करें।

**6. याद रखें - हिम्मत शोर नहीं करती, तैयारी करती है**
- अपने भीतर डर को जगह न दें, बस तैयारी रखें।
- रोज जीवन की एक चीज पर ध्यान दें जो आपको खुशी देती हो : संगीत, खाना बनाना, किताबें, या बच्चों के साथ समय।

## हवाई हमले की अफवाहों से घबराने की जरूरत नहीं : एसपी

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने जिला पुलिस की ओर से एडवाजरी जारी कर आमजन को आगाह करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं कि हवाई हमलों और अफवाहों के दौर में नागरिकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन आपकी सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से सतर्क है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हवाई हमलों के दौरान कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया साइटों पर भ्रामक पोस्ट डालकर लोगों को गुमराह कर रहे है, इसलिए ऐसे लोगों द्वारा की गई पोस्ट पर विश्वास न करें अफवाहों से बचें और प्रशासन पर भरोसा रखें । जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशो की कड़ाई से पालना कर अपनी व अपने आसपास के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते है। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ब्लैकआउट या आपातकालीन स्थिति के दौरान लाइट जलाना एक गंभीर उल्लंघन माना जा सकता है, खासकर युद्ध या आपातकालीन स्थितियों में इसका मुख्य उद्देश्य दुश्मन के विमानों या अन्य खतरों से बचाव के लिए रोशनी को नियंत्रित करना होता है, ताकि वे अपने लक्ष्य में कामयाब न हो सके। लाइट जलाने से दुश्मन को हमले के लिए सटीक स्थान का पता चल सकता है, जिससे जान-माल का गंभीर नुकसान हो सकता है।

**अलर्ट रहे**



पुलिस अधीक्षक डॉ.मयंक गुप्ता ने कहा कि नागरिकों को ब्लैकआउट के नियमों का सख्ती से पालन करना और लाइटों को नियंत्रित करना अत्यंत आवश्यक होता है। सभी नागरिकों को इस दौरान जिला प्रशासन का सहयोग करना चाहिए और निर्देशों का पालन करना चाहिए ताकि सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। लापरवाही या अनदेखी करने से न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामूहिक सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

- अध्यापक नरेश ग्रोवर ने बताया कि रेडक्रॉस की स्थापना हेनरी ड्यूनेंट द्वारा 1863 में की गई थी

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर अध्यापक नरेश ग्रोवर ने बताया कि रेडक्रॉस की स्थापना हेनरी ड्यूनेंट द्वारा 1863 में की गई थी। उन्होंने 1859 में सोलफेरिनो के युद्ध के दौरान घायल सैनिकों की दुर्दशा देखकर इस संस्था की नींव रखी। इसके फलस्वरूप 1864 में पहला जेनेवा कन्वेंशन हुआ, जिससे अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस आंदोलन की शुरुआत हुई। हर वर्ष 8 मई, हेनरी ड्यूनेंट के जन्मदिन पर विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया जाता है, ताकि मानवता की सेवा में लगे लोगों को सम्मानित किया जा सके और लोगों को सेवा, सहानुभूति और दया जैसे मूल्यों के लिए प्रेरित किया जा सके। उन्होंने रेडक्रॉस द्वारा किए जाने वाले कार्यों आपदा राहत, रक्तदान, स्वास्थ्य सेवाएं, युद्धकालीन सहायता आदि की जानकारी दी। यह बताया गया कि रेडक्रॉस न केवल युद्ध के मैदान में बल्कि प्राकृतिक आपदाओं, महामारी, भुखमरी और स्वास्थ्य संकट के समय भी सक्रिय भूमिका निभाती है। विद्यालय के छात्रों ने मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहने की शपथ ली।

## नहराना में गली के अंदर बनाई दीवार पर प्रशासन ने चलाई जेसीबी

- सिरसा के आदेश पर शुक्रवार को पुलिस बल के साथ दीवार को जेसीबी की सहायता से हटवा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा



**सिरसा।** गांव नहराणा में गली में बनाई दीवार को तोड़ी जेसीबी मशीन।

खंड के गांव नहराना में गली के अंदर दीवार निकाल दी। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत प्रशासन से की गई। एसडीएम सिरसा के आदेश पर शुक्रवार को पुलिस बल के साथ दीवार को जेसीबी की सहायता से हटवा दी। गली से दीवार हटाने पर विरोध भी किया गया। अधिकारियों ने समझाकर शांत कर दिया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी जयसिंह पुत्र मुंशीराम ने गली के अंदर दीवार बना दी। उनका कहना था कि यहां पर प्लाट उसके पिता के नाम है। गली में दीवार बनाने की शिकायत मिलने पर चौपटा के बीडीपीओ सार्थक श्री वास्तव, एसडीओ अनिल कुमार पुलिस बल के साथ गांव में पहुंचे। इसके बाद जेसीबी से दीवार को हटाने लगे। मगर जय सिंह व उसके परिवार सदस्यों ने गली में प्लाट उनके नाम होने की बात कहते हुए विरोध किया गया। इस पर बीडीपीओ ने कहा कि कानूनी तौर पर ही गली में कब्जा लिया जा सकता है। इसके बाद जेसीबी की सहायता से दीवार को तोड़ दिया गया। वहीं जयसिंह, शुभम व दीपक के द्वारा किया गया कब्जा भी हटवा दिया गया। सरपंच राजेश कुमार ने बताया कि गली पुरानी है और पक्की की हुई है। गली का केस माननीय न्यायलय में विचाराधीन है। तब तक कब्जा नहीं किया जा सकता।

### गोशाला स्वावलंबन पर विचार गोष्ठी कल

**सिरसा।** भाविप माधव शाखा एवं गोपाल ट्रस्ट परिवार द्वारा आगामी 11 मई को गौशाला स्वावलंबन विषय पर विचार गोष्ठी परिषद भवन में की जाएगी। सचिव सतपाल जोत ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम में जिले की लगभग 150 गौशालाओं को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय संयोजक, संपर्क भाविप हरियाणा पश्चिम अशोक गुप्ता करेंगे, जबकि मुख्य वक्ता चेयरमैन, हरियाणा गौसेवा आयोग श्रवण गर्ग होंगे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता मनीष सिंगला, विशिष्ट अतिथि के रूप में पवन बंसल एवं प्रधान आढ़तियां एसोसिएशन प्रेम बजाज होंगे। उन्होंने बताया कि इस विचार गोष्ठी में गौशालाओं को स्वावलंबन बनाने पर चर्चा की जाएगी।

## भाषण में ध्रुव सदन रहा प्रथम

- डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में हिंदी भाषण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** डीएवी पुलिस स्कूल में हिंदी भाषण प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक में आज मातृ दिवस, महाराणा प्रताप जयन्ती व रवीन्द्र नाथ टैगोर जयन्ती के अवसर पर अंर्तसदन हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के चारों सदनों के विभिन्न छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने वाचन कौशल का परिचय दिया। स्कूल के प्राचार्य अरूण शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। सदनानुसार चयनित दो-दो प्रतिभागियों ने अपने अपने सदन का प्रतिनिधित्व करते हुए निर्धारित विषयों पर अपने-अपने ओजस्वी विचार रखे। प्रतिभागियों में एकलव्य सदन से अक्षि व अवनीत ने, अर्जुन सदन से ध्रुव व हिमानी ने, ध्रुव सदन से भाविका व आराध्या ने तथा श्रवण सदन से सिया व आराध्या ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में ध्रुव सदन ने प्रथम, अर्जुन सदन ने द्वितीय, एकलव्य सदन ने तृतीय व श्रवण सदन ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के रूप में धर्मवीर शास्त्री व ऋतु सचदेवा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए प्राचार्य अरुण शर्मा ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से न केवल विद्यार्थियों को अपने महापुरुषों के इतिहास की जानकारी मिलती है बल्कि उनमें वाचन कौशल व आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व करने की शक्ति का भी विकास होता है।

### लखदातार संस्था ने श्री श्याम अमृत महोत्सव की तैयारियों के लिए बांधा नारियल



**फतेहाबाद।** श्री लखदातार संस्था द्वारा हुडा के सामुदायिक केन्द्र में होने वाले श्री श्याम बाबा के वार्षिक महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अक्टूबर मास में होने वाले 3 दिवसीय सातवें श्री श्याम अमृत महोत्सव की तैयारियों का शुभारंभ एकादशी पर श्री श्याम मंदिर में श्रीबालाजी हनुमान को विधिवत पूजा अर्चना के साथ नारियल अर्पित करके किया गया। इस मौके पर श्याम मंदिर के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने मंत्रोच्चारण किया और संस्था के पदाधिकारियों से बालाजी की प्रतिमा पर नारियल बांधकर महोत्सव के सफल आयोजन के लिए बालाजी से आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर लखदातार संस्था के प्रधान बादल जुनेजा, संरक्षक प्रेम मुटरेजा, मनोज असीजा, सुभाष तनेजा, रितिक सेठी, विनोद खन्ना, राजन सरदाना, अरुण असीजा व अन्य मौजूद रहे।

## घग्घर के तटबंध मजबूत करने के निर्देश

- एसडीएम राजेंद्र कुमार ने किया निरीक्षण कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** घग्घर नदी के तटबंधों का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम सिरसा राजेंद्र कुमार शुक्रवार को बाढ़ बचाव प्रबंधों की तैयारियों के तहत गांव मुसाहिबवाला व पनिहारी में घग्घर नदी के तटबंधों व लिंक चैनल का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उनके साथ सिंचाई विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। एसडीएम राजेंद्र कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कमजोर तटबंधों पर विशेष ध्यान दें और समय रहते तटबंधों को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम से पहले ही सभी बाढ़ से बचाव तैयारियां पूरी कर ली जाएं, ताकि किसी संभावित आपदा से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। एसडीएम ने कहा कि जहां-जहां कटाव की अधिक संभावना है, वहां मिट्टी डालकर तटबंधों को मजबूत किया जाए। इसके अलावा पुलों के आसपास की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि पानी का बहाव सुचारु रूप से हो सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम राजेंद्र कुमार ने नदी के साथ लगते गांवों के किसानों और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।

## संवेदनशील, चुनौतीपूर्ण दौर में सतर्कता, एकजुटता जरूरी



**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि देश इस समय एक संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। सीमा पर तैनात हमारी भारतीय सेना अपनी वीरता और समर्पण से राष्ट्र की रक्षा में जुटी हुई है। ऐसे समय में देश के हर नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह सेना के प्रति सम्मान, देश के प्रति एकजुटता के प्रति प्रतिबद्धता को बनाए रखे। ऐसे में सतर्कता और एकजुटता जरूरी है। कुमारी सैलजा ने मीडिया को जारी बयान में देशवासियों से अपील करते हुए कहा है कि इस संकट की घड़ी में हम सबको सतर्क रहना चाहिए, अफवाहों से बचना चाहिए और हर स्तर पर भारतीय सेना का मनोबल ऊंचा बनाए रखने में योगदान देना चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार द्वारा उठाए गए हर उस कदम का कांग्रेस समर्थन करती है जो पाकिस्तान जैसे आतंकवादियों की जननी देश को झुकता और मुंहतोड़ जवाब देने के लिए उठाया जाए। कांग्रेस का यह स्पष्ट मत है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। भारतीय सेना के पराक्रम, साहस और बलिदान पर हर भारतीय को गर्व है।

## एसडीएम ने पार्षदों के साथ की बैठक, सुरक्षा व्यवस्था पर मंथन



**सिरसा।** वार्ड पार्षदों के साथ बैठक करते एसडीएम।

**डबवाली।** एसडीएम अर्पित संगल ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में नगर परिषद डबवाली के वार्ड सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में एसडीएम अर्पित संगल ने सभी सदस्यों को सुरक्षा के दृष्टिगत जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात के समय अपने-अपने वार्डों में सभी लाइटें बंद रखें और आमजन से इसमें सहयोग की अपील करें। उन्होंने कहा कि यह कदम एहतियात के तौर पर उठाए जा रहे हैं और नागरिकों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें, ताकि सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बैठक में पार्षदों ने भी हर सहयोग का आश्वासन दिया।

**मदर्स डे** ‘मॉम एंड मी’ थीम के साथ मातृत्व के गौरवमयी पर्व को मनाया

# क्रेसण्ट स्कूल में मदर्स डे पर कार्यक्रम, बच्चों ने कविताओं के माध्यम से बताई मां की महत्ता

सिमर व मोहिका के कुशल संचालन से वाह-वाही लूटी, मोक्ष व माहिर भी छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में मदर्स डे पर आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

क्रेसण्ट स्कूल में ‘मॉम एंड मी’ थीम के साथ मातृत्व के गौरवमयी पर्व मदर्स डे का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति सम्मान एवं आभार प्रकट करने के लिए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या एवं कोऑर्डिनेटर द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। सिमर व मोहिका के कुशल संचालन में मोक्ष व माहिर द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायक विचार ने माँ की महत्ता को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया। सृष्टि एवं दीप्ति ने अपनी-अपनी हृदयस्पर्शी कविताओं ‘मेरी इन छोटी-बड़ी परेशानियों का वह हिसाब रखती है, प्यारी जग से न्यारी मां, खुशियां देती सारी मां’ के माध्यम से मातृत्व की भावनाओं को उजागर किया। कामना ने अपनी मधुर वाणी में ‘ममता के मंदिर की है वह सबसे प्यारी मूरत’ गीत प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। कुनाल एवं पिहु ने मातृत्व के अमूल्य योगदान पर आधारित एक सारगर्भित भाषण की प्रस्तुति दी। कक्षा सात के लिए कार्ड मेकिंग एवं कक्षा दसवीं के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। माताओं के लिए मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। प्री प्राइमरी विंग में माताओं के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी मदर के साथ वीडियो कॉन्टैस्ट एवं डांस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

**माताओं का भावनात्मक सहारा**

प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने कहा कि वर्तमान भारत-पाक तनावपूर्ण स्थिति को ध्यान में रखते हुए विद्यालय ने मातृ दिवस को एक सरल और भावनात्मक कार्यक्रम के रूप में मनाया, जिसका उद्देश्य माताओं को शांति और सम्मान का एक क्षण प्रदान करना था। विशेष रूप से सैनिकों की माताओं को समर्पित एक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हर्षोल्लास नहीं, बल्कि इन तनावपूर्ण समयों में माताओं को भावनात्मक सहारा देना था। जब देश एकजुट होकर चिंता की इस घड़ी का सामना कर रहा है, तब यह छोटा-सा प्रयास माताओं की उस शक्ति और प्रेम की याद दिलाता है।